निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून

संख्याः सेवायें–1/29335-38/2(3)/2015–16 दिनांक 18 जनवरी, 2016

– विज्ञप्ति–

शैक्षिक अध्यापन (अधीनस्थ राजपत्रित) सेवा में प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका के रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु विभागीय चयन समिति के समक्ष रखे जाने हेतु प्रवक्ता/एल0टी0 संवर्ग के निम्नांकित वरिष्ठता क्रमानुसार शिक्षक/शिक्षिकाओं के सेवा संबंधी अभिलेख/गोपनीय आख्यायें मण्डल/जनपद स्तर से प्राप्त किये गये हैं:--

शाखा	संवर्ग का नाम	वरिष्ठता कमांक से	वरिष्ठता कमांक तक
पुरूष शाखा	एल0टी0 संवर्ग	कमांक 3263 से	कमांक– 4400 तक
	प्रवक्ता संवर्ग	कमांक 4048 से	कमांक– 4700 तक
महिला शाखा	एल0टी0 संवर्ग	कमांक 1937 से	कमांक– 1980 तक
	प्रवक्ता संवर्ग	कमांक 138 से	कमांक– 194 तक

किन्तु उक्त वरिष्ठता क्रमांक के मध्य आने वाले अधिकांश शिक्षकों के सेवा संबंधी विवरण अभी भी पूर्ण/स्पष्ट नहीं हैं। इस संबंध में दिनांक 20 दिसम्बर 2015 एवं दिनांक 06 जनवरी 2016 के दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित की जा चुकी है। जिन शिक्षक/शिक्षिकाओं के सेवा संबंधी विवरण अपूर्ण हैं, उनकी सूची विद्यालयी शिक्षा विभाग की वैबसाईट www.schooleducation.uk.gov.in पर पुनः प्रदर्शित की जा रही है। अतः वैबसाईट पर प्रदर्शित सूची में अकिंत शिक्षक/शिक्षिकाऐं अपना प्रत्यावेदन दिनांक 23 जनवरी 2016 तक अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून को अवश्य उपलब्ध करा दें।

(आर0के0 कुंवर) 18.1.2016
निदेशक

पृ0सं0:सेवायें–1/29335-38/2(3)/2015–16 तददिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति आप दिनांक 19–01–2016 के अपने दैनिक समाचार पत्र (हिन्दी) के उत्तराखण्ड संस्करण में 72 वर्ग से0मी0 माप डी0ए0वी0पी0 दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु विल निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1–निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून।
2–सम्पादक, हिन्दुस्तान, देहरादून।
3–सम्पादक, अमर उजाला, देहरादून।
4–सम्पादक, दैनिक जागरण, देहरादून।

(आर0के0 कुंवर) 18.1.2016
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,उत्तराखण्ड।

612(3)